राजस्थान सरकार
वित्त (कर) विभाग

कमांक एफ. 7(86)वित्त/कर/2026 जयपुर, दिनांक–

आज्ञा

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं (संयुक्त प्रतियोगी) परीक्षा, 2024 के परिणाम एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर की अनुशंषा के आधार पर राजस्थान वाणिज्यिक कर सेवा नियम, 1971 के नियम–6 के अनुसरण मे महामहिम राज्यपाल महोदय निम्नांकित सफल अभ्यर्थियो को राजस्थान प्रशासनिक सेवा में दो वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में उपस्थिति देने की संगत तिथि से राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश/परिपत्र तथा सेवा नियमों के अनुसार देय स्थिर पारिश्रमिक/वेतन भत्तों पर एतद्द्वारा नियुक्त करते हैं:–

क्र. सं.	मेरिट	रोल नं.	अभ्यर्थी का नाम (सुश्री/सर्वश्री/श्रीमती)	जन्मतिथि	वर्ग	Quota	विशेष विवरण
1.	297	1013377	PRAVEEN KUMAR	05-03-2000	BC	GM-AG	प्रोविजनल
2.	304	1004888	PRASHANT VEETHU	05-07-1995	BC	GM-AG	–
3.	309	1005396	NEHA SHARMA	31-01-2000	GE,WE	GF-QT	प्रोविजनल
4.	316	1003269	LADU LAL TELI	15-02-1999	BC	GM-AG	–
5.	317	1015250	ABHISHEK JAIN	20-02-1999	GE	GM-QT	प्रोविजनल
6.	325	1009738	SAWAI SINGH BHATI	13-11-2001	GE	GM-QT	प्रोविजनल
7.	327	1014015	JAYANTI LAL	20-06-1991	GE	GM-QT	–
8.	345	1017931	GARIMA GUPTA	04-03-2000	GE,WE	GF-QT	प्रोविजनल
9.	367	1006782	JAGDISH CHOUDHARY	12-09-1994	BC	GM-AG	प्रोविजनल
10.	368	1009490	DAVENDRA SINGH	05-04-1995	BC	GM-AG	प्रोविजनल
11.	372	1009706	UMMED SINGH	05-06-1997	BC,NG	GM-AG,NG	–
12.	374	1010242	AMRIT SINGH RAJPUROHIT	09-01-1998	GE,NG	GM-QT,NG	–
13.	375	1017801	HARDIK AGARWAL	13-10-1998	GE	GM-QT	प्रोविजनल
14.	376	1019512	AMIT DOODHWAL	14-11-1998	BC	GM-AG	प्रोविजनल
15.	382	1003808	RAKESH KUMAR	05-09-1992	BC	GM-AG	प्रोविजनल
16.	386	1003366	RAVINDRA KUMAR BISHNOI	10-06-1997	BC,ME	OM-QT	–
17.	397	1021922	SANJU GODARA	13-03-1997	BC	OM-QT	प्रोविजनल
18.	399	1013827	RAHUL JANGID	02-01-2000	BC	OM-QT	प्रोविजनल
19.	401	1007268	PRADEEP AHIR	17-01-2001	BC	OM-QT	प्रोविजनल
20.	406	1003654	PRATAP SINGH MAYALA	25-12-1994	BC	OM-QT	–
21.	408	1010141	AJEET SINGH BITHU	04-09-1998	BC	OM-QT	–
22.	412	1007212	SAPNA SINGODIA	15-03-1994	BC,WE	OF-QT	–
23.	419	1013810	SARITA CHOUDHARY	09-06-1998	BC,WE	OF-QT	प्रोविजनल
24.	464	1011226	PRATAP SINGH BHATI	22-09-1998	EWS	EM-QT	–
25.	485	1006680	GOPAL SINGH RATHORE	15-02-2000	EWS	EM-QT	प्रोविजनल
26.	496	1016524	ABHISHEK CHAMPAWAT	05-02-1997	EWS	EM-QT	प्रोविजनल
27.	501	1008354	KHIM SINGH	15-11-1999	EWS	EM-QT	–
28.	503	1004365	YOGENDER SINGH KHICHI	13-11-1988	EWS	EM-QT	–

Signature valid
Digitally signed by Nathmal Didel
Designation : Special Secretary To Government
Date: 2026.09.30 12:02:43 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 24811506
M e-Sign

29.	658	1018065	SAKSHI JAIN	13-08-1996	EWS,WE	EF-QT	प्रोविजनल
30.	829	1013889	RINKU GURJAR	20-02-2002	MB	MM-QT	प्रोविजनल
31.	877	1015055	CHANDRA RAJ	01-04-2000	MB	MM-QT	—
32.	1350	1017192	GAURAV KUMAR MEENA	07-08-1999	ST	TM-QT	प्रोविजनल
33.	1375	1006469	DEVENDRA PRASAD MEENA	27-05-2001	ST	TM-QT	प्रोविजनल
34.	1402	1021118	BHAWAR PAL MEENA	12-10-1992	ST	TM-QT	—
35.	1413	1020797	LOKESH KUMAR MEENA	01-01-2002	ST	TM-QT	प्रोविजनल
36.	1421	1022386	HEMANT MEENA	01-09-1999	ST	TM-QT	प्रोविजनल
37.	1430	1018619	SHRIKRISHAN MEENA	28-07-1993	ST	TM-QT	प्रोविजनल
38.	1460	1015961	NIDHI MAUTHIYA	15-03-2000	ST,WE	TF-QT	प्रोविजनल
39.	1466	1018763	MANISHA GURJAR	04-05-2002	MB,WE	MF-QT	—
40.	1473	1021639	SHIMLA MEENA	07-08-1997	ST,WE	TF-QT	—
41.	1555	1017574	ARTI MEENA	08-07-1997	ST,WE	TF-QT	प्रोविजनल
42.	1612	1019753	SANGITA CHOUDHARY	01-10-1994	BC,WE,DV, NG	GA-DV,NG	प्रोविजनल
43.	1628	1005790	SMIT YADAV	07-07-1994	SC	CM-QT	प्रोविजनल
44.	1634	1016344	MAHENDRA KUMAR	15-07-1999	SC	CM-QT	प्रोविजनल
45.	1644	1008383	CHANDAN SINGH RAWAL	08-05-1994	SC	CM-QT	
46.	1671	1011513	KULDEEP KHATIK	22-03-2002	SC	CM-QT	प्रोविजनल
47.	1713	1008117	DEEPA RAM	05-05-1999	SC	CM-QT	प्रोविजनल
48.	1787	1003084	BHOORA RAM	03-08-1985	BC,EX	GA-EX	प्रोविजनल
49.	1795	1005489	BRIJ LAL	03-03-1984	BC,EX	OM-EX	प्रोविजनल
50.	1916	1021641	NEETU VISHWAS	21-07-1997	SC,WE	CF-QT	प्रोविजनल
51.	2057	1015804	RAJESH KUMAR	16-12-1983	BC,LD	OM-LD	प्रोविजनल
52.	2168	1020100	RITU CHOUDHARY	21-02-2002	BC,WE,LV	OF-BL	—
53.	2200	1015588	RAVINA KUMARI	05-03-1996	GE,WE,WD	GF-WD	—
54.	2217	1006699	MARUDHAR TANWER	09-02-1981	GE,WE,WD	GF-WD	—
55.	2238	1015362	PAWAN KUMAR BOCHHALDA	07-09-1987	SC,EX	CM-EX	प्रोविजनल
56.	2255	1011813	SITA PRAJAPAT	07-10-1993	BC,WE,WD, RG,NG	OF-WD,NG	—
57.	2357	1018391	DURGA VERMA	30-12-1990	SC,WE,WD	CF-WD	—
58.	2383	1020336	NEETU PARMAR	05-04-1994	GE,WE,HI	GF-HI	—

उक्त नियुक्तियां निम्नलिखित शर्तों के अधीन की जा रही है:—

1. उक्त सेवा आवंटन एस.बी. सिविल रिट याचिका संख्या 9227/25, 6956/26, 6021/26, 8011/26, 6600/26, 6381/26, 6454/26, 4054/25, 7925/26, 9386/26 एवं उक्त परीक्षा के संबंध में दायर विभिन्न रिट याचिकाओं/विशेष अनुमति याचिकाओं एवं समस्त वादकरण के अन्तिम निर्णयों के अध्यधीन रहेगा।

2. उक्त नियुक्ति समस्त मूल दस्तावेजों की जांच के अध्यधीन रहेगी।

3. इन परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी को वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांकः प. 15(1)वित्त/नियम /2017 दिनांक 30.10.2017 (Sehedule IV Rules no.16) के अनुसरण में नियत पारिश्रमिक दिया जायेगा। यह

Signature valid

Digitally signed by Nathmal Didel
Designation: Special Secretary To Government
Date: 2026.09.30 22:02:43 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 24811506
M e-Sign

पारिश्रमिक माननीय उच्चतम न्यायालय में लंबित एस0एल0पी0 सं. 25565/2015 राजस्थान राज्य बनाम गोपाल कुमावत के निर्णय के अध्यधीन होगा।

4. गर्भवती महिलाओं के लिए कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र कमांक प. 15(1)कार्मिक/ क–2/74 दिनांक 16.08.2005 में वर्णितानुसार नियुक्ति आदेश प्रभावी होंगे।

5. उक्त अभ्यर्थियों की जन्म तारीख वही है, जो इन्होंने परीक्षा के आवेदन पत्रों में अंकित की है और जिन्हें राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सम्यक सत्यापन के पश्चात स्वीकार किया गया है।

6. उक्त अभ्यर्थियो की नियुक्तियां राजस्थान वाणिज्यिक कर सेवा नियमों के नियम 6 के उपबन्धों और अपेक्षाओं के अनुसार की गई है।

7. उक्त नियुक्तियॉ सम्बन्धित सेवा नियमों और सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों एवं शर्तों के अध्यधीन हैं।

8. उक्त अभ्यर्थियों को परिवीक्षाकाल में विहित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। परिवीक्षा अवधि में विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करने की स्थिति में अथवा राज्य सरकार द्वारा अन्यथा आवश्यक समझे जाने पर परिवीक्षा अवधि स्वविवेकानुसार बढाई जा सकती है। निर्धारित अवधि में विभागीय परीक्षा में दो बार से अधिक अनुत्तीर्ण होने पर इन्हें सेवा से मुक्त किया जा सकेगा।

9. यदि राज्य सरकार की राय में इनका कार्य या आचरण परिवीक्षा की समयावधि में संतोषप्रद नहीं पाया जाये अथवा यह प्रतीत हो कि इनमें एक दक्ष राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी होने की क्षमता नहीं है तो सरकार इन्हें सेवा से तुरन्त विमुक्त कर सकेगी।

10. सेवा में नियुक्त किये गये अभ्यर्थियों में से कोई भी अभ्यर्थी यदि प्रशिक्षण की कालावधि के दौरान या प्रशिक्षण की समाप्ति के दो वर्षों के भीतर त्याग–पत्र दे देता है या कोई अन्यत्र नियुक्ति ग्रहण कर लेता है, तो प्रशिक्षण की कालावधि के दौरान सरकार द्वारा उसके प्रशिक्षण पर व्यय की गई राशि को नियमानुसार वसूल किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा इस आशय का एक बन्धक पत्र हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर को प्रस्तुत करेंगे।

11. राजस्थान यात्रा भत्ता नियमों के अनुभाग–I अध्याय में आने वाले मामलों को छोड़कर सेवा ग्रहण करने के लिए कोई यात्रा भत्ता संदत्त नहीं होगा।

12. अभ्यर्थियों को यह निर्देशित किया जाता है कि अविलंब अपनी उपस्थिति अपने आवश्यक दस्तावेजों सहित निम्नलिखित सामग्री के साथ कार्यालय आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग मुख्यालय, कर भवन, राजस्थान, जयपुर में कार्यालय समय में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत करेंगे:–

    i. पासपोर्ट साईज की 03 फोटो ।
    ii. बैंक अकाउन्ट का विवरण (पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छाया प्रति स्वप्रमाणित, एक कैंसिल चैक)।
    iii. पैंन कार्ड एवं आधार कार्ड की फोटोप्रति स्वप्रमाणित।

Signature valid

Digitally signed by Nathmal Didel
Designation : Special Secretary To Government
Date: 2026.09.30 12:02:43 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
24811506

M e-Sign

iv. जन–आधार कार्ड की फोटोप्रति स्वप्रमाणित।

13. हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर में प्रशिक्षण के संबंध में अलग से आदेश जारी किये जायेगें।

14. बकाया चरित्र सत्यापन में विलम्ब की स्थिति में ऐसे अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से प्रोविजनल नियुक्ति मानते हुए इनकी नियुक्ति चरित्र सत्यापन रिपोर्ट के अध्यधीन रहेगी। यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्व प्रतिकूल चरित्र सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होती है, तो उसकी नियुक्ति स्वतः ही निरस्त मानी जावेगी। इस संबंध में अभ्यर्थी का नियुक्ति हेतु दावा मान्य नहीं होगा।

15. नियुक्ति से पूर्व आपराधिक प्रकरणों के संबंध में अभ्यर्थी को "Self declaration" अथवा शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध प्रतिकूल रिपोर्ट पाई जाती है तो ऐसे अभ्यर्थी की नियुक्ति निरस्त समझी जावेगी, साथ ही नियमानुसार आपराधिक/विधिक कार्यवाही भी ऐसे अभ्यर्थी के विरूद्व अमल में लाई जावेगी (परिशिष्ट 'ब')।

16. नियुक्त अभ्यर्थी जो विवाहित है, उन्हें अपना विवाह पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं जीवित संतान/ संतानों की सूचना उपस्थिति के समय प्रस्तुत करनी होगी, अन्यथा उपस्थिति की अनुमति प्रदान नहीं की जावेगी। दिनांक 01.06.2002 को अथवा उसके पश्चात् दो से अधिक सन्तान होने वाले अभ्यर्थी नियुक्ति के पात्र नहीं है। परन्तु प्रथम प्रसव से एक जीवित सन्तान है एवं पश्चावर्ती प्रसव में एक से अधिक सन्तान होने पर ऐसी सन्तानों को एक इकाई ही माना जायेगा (परिशिष्ट 'ब')।

17. कोई अभ्यर्थी राजकीय/केन्द्रीय/निगम/बोर्ड/स्वायतशासी संस्थान में नियोजित है तो वहां से कार्यमुक्त होकर कार्य मुक्ति आदेश तथा उस विभाग की विभागीय जांच नहीं होने/होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगें।

18. कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र क्रमांक 7(13)कार्मिक/क–2/23 दिनांक 11.05.2023 के द्वारा संविधान के प्रति निष्ठा का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।(परिशिष्ट 'ब')

19. उक्त अभ्यर्थियों में से यदि कोई अभ्यर्थी निश्चित तिथि के 07 दिवस पश्चात तक भी रिपोर्ट नहीं करते हैं और न ही किसी प्रकार की सूचना विभाग को भिजवाते हैं तो उनके नियुक्ति आदेश स्वतः ही निरस्त समझे जावेंगे।

20. उक्त सभी अभ्यर्थी कार्यग्रहण स्थान पर परिशिष्ट 'अ' 'ब' व 'स' में सूचना भरकर अपने मूल दस्तावेजों मय फोटोयुक्त पहचान पत्र के स्थान पर उपस्थित होवें।

राज्यपाल महोदय की आज्ञा से

(नथमल डिडेल)
विशिष्ट शासन सचिव

Signature valid

Digitally signed by Nathmal Didel
Designation : Special Secretary To Government
Date: 2026.09.30 12:02:43 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
24811506
M e-Sign

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सचिव, महामहिम राज्यपाल, राजस्थान, जयपुर।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर।
3. महानिदेशक, हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान एवं पदेन अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रशिक्षण, राजस्थान, जयपुर।
4. अतिरिक्त महानिदेशक, हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर।
5. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर।
6. उप सचिव, प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7. उप सचिव, शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग।
8. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
9. संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक (क–4/2) विभाग को उनकी अशा० टीप क्रमांक प. 9(66) कार्मिक/क–4/2/2026/33564 दिनांक 30.09.2026 के क्रम में।
10. आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान, जयपुर।
11. महालेखाकार, राजस्थान, जयपुर।
12. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान, जयपुर।
13. नोडल अधिकारी–श्री अनिल दाधीच, उपायुक्त, बिजनिस ऑडिट, विंग–प्रथम, जयपुर (मोबाईल नम्बर 9414397359), श्रीमती मनीषा शर्मा, सहायक आयुक्त (प्रशासन–द्वितीय), मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर (मोबाईल नम्बर 9887826941) एवं श्री दुलीचन्द मीणा, सहायक आयुक्त (संस्थापन–प्रथम), मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर (मोबाईल नम्बर 9414512016) को निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के कार्यग्रहण की व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं अभ्यर्थियों के आवश्यक दस्तावेजो का परीक्षण किये जाने का श्रम करावें।
14. सिस्टम एनालिस्ट, संयुक्त निदेशक, वित्त (कम्प्यूटर सैल) विभाग को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आदेश को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड़ करावें।
15. समस्त प्रशिक्षणार्थी/अभ्यर्थीगण।
16. निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

विशिष्ट शासन सचिव

RajKaj Ref No.:
24811506
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Nathmal Didel
Designation : Special Secretary To Government
Date: 2026.09.30 22:02:43 IST
Reason: Approved

आयुक्त,
वाणिज्यिक कर विभाग,
राजस्थान, जयपुर।

वर्तमान पासपोर्ट साईज फोटो

विषयः– राजस्थान वाणिज्यिक कर सेवा प्रशिक्षु बैच–2024 में प्रशिक्षण पर उपस्थिति पर व्यक्तिगत जानकारी उपलब्ध कराने बाबत ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रार्थी का चयन राजस्थान वाणिज्यिक कर सेवा संवर्ग में होने के फलस्वरूप आदिनांक...................... को प्रातः/दोपहर/शाम .... बजे कार्यालय आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग मुख्यालय, कर भवन, राजस्थान, जयपुर हेतु उपस्थिति प्रस्तुत कर आदिनांक की स्थिति में प्रार्थी की व्यक्तिगत सूचना निम्नानुसार प्रेषित है–

क्र.स.	चाही गई सूचना	विवरण
1	प्रशिक्षु अधिकारी का नाम (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में) दस्तावेजों के आधार पर	
2	पिता का नाम	
3	जन्मतिथि	
4	दूरभाष नं०	
5	ई–मेल आई.डी.	
6	स्थाई पता	
7	वर्तमान पता	
8	मूल निवास स्थान (मूल निवास प्रमाण पत्र के आधार पर)	
9	मोबाईल नं०	
10	आपातकालीन मोबाईल नं०	
11	आज दिनांक की स्थिति में सन्तानों की सूचना का विवरण	
12	अन्तिम शैक्षणिक योग्यता	
13	पूर्व में राज्य सेवा में होने की स्थिति में प्रथम नियुक्ति दिनांक	
14	विवाहित अथवा अविवाहित	
15	वर्तमान स्थिति में विभागीय जांच/एफआईआर/न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण के संबंध में सूचना का पूर्ण विवरण	

हस्ताक्षर मय दिनांक

E/Kishan Ji/ Order/ A-4/222

परिशिष्ट–'ब

(रु. 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर मुद्रित करवाकर नोटरी पब्लिक से प्रमाणित करावें)

एकल शपथ पत्र

मैं..पुत्र/पुत्री श्री..
निवासी..
रोल नं०.................................... राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं, संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2024 में राजस्थान वाणिज्यिक कर सेवा के पद पर अभिस्तावित हुआ/हुई हूँ।

1. मै शपथ पूर्वक धोषणा करता/करती हूँ कि राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं, संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2024 की पूर्ण प्रक्रिया में एवं अभिस्तावित पद हेतु निर्धारित मानदंडों के अन्तगर्त आवश्यक प्रमाण पत्रों के निर्माण हेतु स्वयं उपस्थित रहा/रही हूँ। मेरे द्वारा, मेरे स्थान पर उक्त भर्ती परीक्षा में किसी भी स्तर पर डमी अभ्यर्थी नहीं बिठाया गया/गयी है।
2. मै शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरा विवाह दिनांक.............. को हुआ। विवाह के समय मै या मेरे घरवालों द्वारा न तो दहेज लिया है। न ही दहेज दिया गया है।

अथवा

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरा विवाह/पुर्नविवाह अभी तक नहीं हुआ है और भविष्य में जब भी होगा तब में या घरवाले ना तो दहेज लेंगे/ना ही दहेज देंगे तथा भविष्य में विवाह होने पर 01 माह में विभाग को अवगत करवाते हुये दहेज नहीं लेने/देने के संबंध में आवश्यक शपथ पत्र प्रस्तुत कर दूंगा/दूंगी।

3. मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि दिनांक 31.05.2002 तक मेरे बच्चों (पुत्र/पुत्री) की संख्या........... थी, जिसका विवरण निम्नानुसार है–

क्र.सं.	नाम	जन्म तिथि
1.		
2.		

दिनांक 01.06.2002 को अथवा इसके पश्चात मेरे बच्चों (पुत्र/पुत्री) की संख्या में वृद्धि हुई है एवं वर्तमान में मेरे बच्चों (पुत्र/पुत्री) की कुल संख्या.........है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

क्र.सं.	नाम	जन्म तिथि
1.		
2.		

4. मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा विभाग में जो शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज/प्रमाण पत्र/शपथ पत्र प्रस्तुत किये है यह बिल्कुल सही एवं सत्य है।
5. मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हैं कि मुझे कित्ती भी न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है एवं मेरे विरूद्ध किसी भी पुलिस थाने में कोई आपराधिक बाद/मुकदमा दर्ज नहीं है, जिसके प्रमाण स्वरूप मैंने पुलिस द्वारा सत्यापित चरित्र सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दिया है यदि इसके बावजूद भी नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के संज्ञान में आता है, तो मेरी नियुक्ति समाप्त किए जाने का नियुक्तिकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा, जिसके लिए में प्रार्थी पूर्णरूप से जिम्मेदार रहूँगा/रहेंगी।
6. मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि में उक्त पद हेतु राजस्थान सरकार के द्वारा निर्धारित नियत वेतन पर कार्य करने की अपनी सहमति देता/देती हूं।
7. मैं वचनबद्ध हूँ कि मैं धूम्रपान एवं गुटखे का सेवन नहीं करता/करती हूँ।
8. मैं शपथ पूर्वक शपथ लेता/लेती हूँ एवं सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि भारत और विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा/रखूंगी तथा अपने पद के कर्तव्यों का राजभक्ति, ईमानदारी और निष्पक्षता से पालन करूंगा/करूंगी।

शपथग्रहिता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता/करती हूं कि उक्त शपथ पत्र की मद संख्या 1 से 8 सही व सत्य है। इसमें कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। ईश्वर साक्षी है।

स्थान
दिनांक:

शपथग्रहिता

परिशिष्ट–'स'

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2024 (बैच–2026–II)

वर्तमान पासपोर्ट साईज फोटो

मेरिट क्रमांक	
अभ्यर्थी का पूरा नाम अंग्रेजी एवं हिन्दी	
पिता का पूरा नाम अंग्रेजी एवं हिन्दी	
जन्म दिनांक	
वर्ग	
जाति	
मूल निवास स्थान (मूल निवास प्रमाण पत्र के आधार पर)	
पता	
मोबाईल नंबर	
ई–मेल आईडी	
शैक्षणिक योग्यता	

हस्ताक्षर मय दिनांक